तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025

4 रासायनिक खाद की समस्या को लेकर किसान संघ ने किया प्रदर्शन





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

### जन्मजात मोतियाबिंद के बच्चों को मिली रोशनी, अब अपनी आंखों से देख रहे दुनिया

# जन्म लेते ही आंखों के सामने छाया था अंधेरा ऑपरेशन से बच्चों के जीवन में आया उजियारा





हरिभूमि न्यूज ⏭ जितेन्द्र मेहर

जिले के 7 बच्चे जन्म लेते ही मोतियाबिंद के मरीज बन गए थे। दुनिया में आने के बाद उनकी आंखों के सामने अंधेरा छाया हुआ था। जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग की टीम ने इन बच्चों को जीवन में उजियारा लाया है। ऑपरेशन से जन्मजात मोतियाबिंद के बच्चों को रोशनी मिलने से अब वो अपनी आखों से दुनिया देख रहे हैं।

हरिभूमि ह्यूमन ऐंगल

दरअसल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के यूनिक आईडी कार्ड व दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष अभियान चलाते हुए सभी विकासखंडों में आंकलन दिव्यांग शिविर लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला चिकित्सायल के नेत्र रोग विभाग की टीम ने बाकारूमा और घरघोड़ा में शिविर लगाया था। इस दौरान 7 ऐसे बच्चे वहां दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने आए थे जोकि जन्मजात मोतियाबिंद के मरीज थे। इसके बाद टीम द्वारा उनके माता-पिता को समझाइश देते हुए प्रोत्साहित किया गया कि जिला चिकित्सालय में ऐसे बच्चों का निशुल्क ऑपरेशन होता है। ऑपरेशन के बाद बच्चे दुनिया देख सकेंगे और उनके जीवन में उजियारा आएगा। इसके बाद टीम ने बच्चों को भी ऑपरेशन कराने पर स्कूल बैग, कॉपी-किताब देने का वादा किया, साथ ही बच्चों के परिजनों को उनके क्षेत्र में इस तरह के जन्मजात मोतियाबिंद मरीज होने पर उन्हें जागरूक करने की बात कही। इसके बाद बच्चों के परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनका सफल ऑपरेशन हुआ। अब बच्चों को सब कुछ नजर आने लगा है।

#### हर साल होता है सर्वे

जिले में जितने भी नेत्र सहायक हैं उनके द्वारा हर साल गर्मी में अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे जन्मजात मोतियाबिंद वाले बच्चों का सर्वे किया जाता है। वहीं इस संबंध में लोगों को जागरूक करने का काम भी किया जाता है। पिछले साल भी टीम द्वारा ऐसे तीन बच्चों को चिन्हांकित किया गया था, जिनकी आंखों का ऑपरेशन भी हुआ। चूंकि वर्तमान में शिक्षा विभाग का आंकलन शिविर चल रहा है उसमें भी इस तरह के बच्चों की पहचान हो रही है। नेत्र रोग विभाग की मानें कई बार गरीब वर्ग के पालक यह सोचते हैं कि जन्म से ही उनके बच्चे अंधे हैं उन्हें दोबारा रोशनी नहीं मिलेगी या यह भी सोचते हैं कि अस्पताल ले जाने पर उन्हे आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ेगा। जबकि नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा खुद ऐसे बच्चों को ढूंढ कर उन्हें चिन्हांकित किया जा रहा है और जिला चिकत्सालय में ऐसे बच्चों का निशुल्क ऑपरेशन भी हो रहा है। ऐसे में पालकों को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

#### 1002 मरीजों का हुआ सफल ऑपरेशन

सत्र 2025-26 में रायगढ़ जिले की कुल आबादी 1276752 है, जिसमें से 1156970 के जनसंख्या का सर्वेक्षण कार्य जिले के 29 नेत्र सहायक अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन के सहयोग से किया गया है। सर्वे में कुल 3925 मोतियाबिंद के मरीज पाए गए हैं, जिसमें दोनों आंख से ग्रसित 314 व एक आंख से ग्रसित 3604 सहित 7 जन्मजात मोतियाबिंद से ग्रसित मरीज पाए गए हैं। माह जुलाई तक 1002 मरीजों का सफल ऑपरेशन हुआ है, जिसमें दोनों आंख के 183 मरीज, एक आंख के 815 मरीज व 4 जन्मजात मोतियाबिंद के शामिल हैं।

#### इन बच्चों का हुआ है ऑपरेशन

धरमजयगढ़ ब्लॉक के सुपकोना निवासी अनुप्रकाश राठिया 13 साल, रैरुमाखुर्द निवासी पूर्णिमा राठिया 6 साल, घरघोड़ा के बोटराकछार निवासी परदेशी यादव 11 साल का जिला चिकित्सालय में व कबीर चौक निवासी दृष्टि राय 13 साल का बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ में सफल ऑपरेशन हुआ है। अभी बच्चों के एक-एक आखों का ऑपरेशन हुआ है वहीं उन्हें 6 माह बाद बुलाया गया है। जबकि तीन बच्चों के एक-एक आखों का पहले ही ऑपरेशन हो चुका था, जोकि कुछ ही दिनों में दूसरी आखों का ऑपरेशन कराने आएंगे। इस तरह 7 बच्चों का ऑपरेशन हो चुका है। ऑपरेशन के बाद बच्चों को बैग, कॉपी, किताब सहित काला चश्मा का वितरण किया गया है।

#### बच्चों के जीवन में इन डॉक्टरों ने लाई रोशनी

तीन बच्चों का जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन हुआ है, जिसमें से तीन का डॉ. मीना पटेल ने तो एक का डॉ. आरएम मेश्राम ने ऑपरेशन किया है। इसी तरह एक बच्ची मेट्रो हॉस्पिटल के सिक्युरिटी गार्ड की बेटी होने से उसका मेट्रो हॉस्पिटल में डॉ. संतोष कश्यप ने सफल ऑपरेशन किया है।

### मौत के बाद परिजनों के साथ आप कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**अकलतरा।** महिला की मौत के बाद परिजनों एवं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दोबारा पोस्टमार्टम की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। करीब तीन घंटे तक चले हंगामे के बाद तहसीलदार ने मामले की जांच करने का आश्वासन देते हुए अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंपकर मामला शांत कराया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात 1 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 में मुरलीडीह पास ओवर ब्रिज के पास मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद घायल अवस्था में पूजा केवट उम्र 19 वर्ष उसके पति राहुल साहू एवं राहुल साहू के रिश्तेदार प्रकाश साहू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने पूजा केवट को मृत घोषित कर दिया। वहीं राहुल साहू एवं प्रकाश साहू को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। रविवार 10 अगस्त को पूजा केवट के शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों एवं आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा मौत को दुर्घटना से इनकार करते हुए उसके हत्या किए जाने का आरोप लगाकर दोबारा पोस्टमार्टम की मांग को लेकर हंगामा कर दिया गया। बताया जा रहा है कि ग्राम कडार विकासखंड बिल्हा, थाना बिल्हा निवासी पूजा केवट उम्र 19 वर्ष आम आदमी पार्टी की कार्यकर्ता थी। वह सालभर पहले ग्राम पंचायत कल्याणपुर निवासी राहुल साहू से प्रेम विवाह करने के बाद कल्याणपुर में रह रही थी।

## खबर संक्षेप

### किसान 14 अगस्त तक करा सकेंगे फसल बीमा

**सक्ती।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 हेतु फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 14 अगस्त एवं ऋणी किसानों के लिए 30 अगस्त निर्धारित किया गया है। जिले के लिये खरीफ मौसम में धान सिंचित व असिंचित, मक्का, उड़द और मूंगफली फसल को अधिसूचित किया गया है। धान एवं मक्का फसल के लिये ग्राम को इकाई क्षेत्र लिया गया है तथा उड़द और मूंगफली फसल के राजस्व निरीक्षक मण्डल क्षेत्र को इकाई माना गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी भूधारक कृषक, बटाईदार व वनपट्टाधारी कृषक ले सकते है। तरूण प्रधान उप संचालक कृषि सक्ती ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा कराने की तिथि में वृध्दि की गई है ताकि अधिक से अधिक किसान फसल का बीमा करा सके एवं जोखिम की स्थिति में किसानों के लिए बेहतर विकल्प रहे। इस वर्ष मौसम को देखते हुए सभी किसानों को फसल बीमा अवश्य ही कराना चाहिए, ताकि जोखिम की स्थिति में आर्थिक क्षति न होने पाये। बीमा के लिये किसान भाई अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सेवा सहकारी समिति या बैंक से सीधा सम्पर्क कर सकते है।

### विकासखण्ड स्तरीय जागरूकता शिविर

**मालखरौदा।** विकासखण्ड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन जनपद कार्यालय मालखरौदा के सभाकक्ष में किया गया। हितग्राहियों को योजना के संबंध में जानकारी दी गई। आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग सक्ती द्वारा विकासखण्ड मालखरौदा अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय जागरूकता शिविर जनपद कार्यालय मालखरौदा के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सक्ती एवं जिला रिसोर्स पर्सन द्वारा शिविर में उपस्थित हितग्राहियों को योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय कर खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा उपस्थित बैंक के अधिकारियों द्वारा बैंकिंग सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस शिविर में विभिन्न हितग्राहियों द्वारा शिविर में शामिल होकर योजना की जानकारी प्राप्त की गई। शिविर में महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग सक्ती, सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सक्ती, जिला रिसोर्स पर्सन (डीआरपी), भारतीय स्टेट बैंक मालखरौदा, इंडियन बैंक मालखरौदा, इंडियन बैंक सिंघरा, छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक मालखरौदा के अधिकारी उपस्थित थे।

### हाथकरघा संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा) रायपुर अंतर्गत भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा एवं बरगढ़ (उड़ीसा) में प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में 30 सीट एवं लेटरल एण्ट्री के आधार पर सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 26 सीट के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

## 13 साल की लड़की ने शिशु को दिया जन्म, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मेडिकल कॉलेज में एक 13 साल की लड़की ने बच्ची को जन्म दिया है। इसके बाद मामले की सूचना महिला थाने में की गई, जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इधर लड़की द्वारा गर्भवती होने की जानकारी अपने परिजनों से छिपाई गई, जब प्रसव पीड़ा हुई तो मामले का खुलासा हुआ। असल पीड़िता कबाड़ बीनने का काम करती है और उसका पड़ोस में रहने वाले एक लड़के से अफेयर था। अक्टूबर 2024 में दोनों घर से भागकर ओडिशा के झारसुगुड़ा चले गए थे। वहां कुछ समय तक दोनों साथ रहे। इसी दौरान कबाड़ चोरी के एक मामले में लड़के को ओडिशा पुलिस ने गिरफ्तार कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया। जनवरी महीने में नाबालिग ओडिशा से चुपचाप अपने घर आ गई। शुरू में उसने परिजनों को कुछ नहीं बताया, लेकिन समय के साथ गर्भ ठहरने के कारण उसका पेट बढ़ने लगा। जिससे परिजनों को शक हुआ। जब उन्होंने पूछताछ की तब भी उसने लड़के के बारे में कुछ भी नहीं बताया और कहा कि वो वह कुछ नहीं जानती। इसी बीच जब नाबालिग को प्रसव पीड़ा हुई तब उसके परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं 31 जुलाई को उसने एक बच्ची को जन्म दिया। तब अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना महिला थाना को दी। इस मामले में महिला थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**खास बात**

- परिजनों ने छिपाई गर्भवती होने की जानकारी, अंतिम समय में हुआ खुलासा

#### बच्ची को अस्पताल में कराना पड़ा भर्ती

नाबालिग ने जब बच्ची को जन्म दिया तब दोनों स्वस्थ्य थे, लेकिन अचानक बच्ची की तबीयत बिगड़ गई और उसे पीलिया की शिकायत होने लगी। इसके बाद परिजनों ने बच्ची को मातृ-शिशु अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि वर्तमान में उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है।

### महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने मुखबिर सूचना पर ग्राम उरबा में दबिश देकर अवैध महुआ शराब जप्त की। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम उरबा निवासी सुखलाल राठिया अपने घर के बाड़ी में बिक्री के लिए महुआ शराब रखा हुआ है। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी सुखलाल राठिया पिता सोभीत राठिया निवासी उरबा के कब्जे से कच्ची महुआ शराब कीमती 1200 रुपए को जप्त किया गया है। वहीं उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

## झगड़ा-फसाद और अवैध गतिविधियों में शामिल पांच युवक भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा के मार्गदर्शन पर जूटमिल पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी को पेट्रोलिंग दौरान सूचना मिली कि पुराना बस स्टैण्ड मटन मार्केट क्षेत्र में कुछ युवक आपस में झगड़ा कर रहे हैं।

तत्काल टीआई जूटमिल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और युवकों को समझाइश दी, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद झगड़ा मारपीट कर रहे रितेन उर्फ खदरू सारथी, सोनू चौहान और अशोक चौहान को थाने लाया गया। इसी बीच राजीवगांधीनगर में मार्कण्डेय यादव और कांशीराम चौक में कवि खटर्जी द्वारा मोहल्लेवासियों से विवाद की शिकायत पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां अनावेदकों ने पुलिस दल के प्रति आक्रोश दिखाया जिसके चलते उन्हें भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के कृत्यों को गंभीरता से लेते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जूटमिल पुलिस ने सभी को एसडीएम न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजने का आदेश मिला। जेल भेजे गए आरोपियों में रितेन उर्फ खदरू सारथी (23) निवासी सांगीतराई डीपापारा, सोनू चौहान (19) निवासी कयाघाट, अशोक चौहान (28) निवासी बजरंगपारा निगम कॉलोनी, मार्कण्डेय यादव (21) निवासी राजीवगांधीनगर और कवि खटर्जी (21) निवासी गांधीनगर कांशीराम चौक शामिल हैं।

## रास्ता रोककर लूटपाट करने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवागढ़।** रात के समय रास्ता रोककर लुटपाट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरप्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लुट के रकम पैन कार्ड एवं आधार को बरामद किया है। घटना नवागढ थाना क्षेत्र के ग्राम जगमहंत की है। इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जगमहंत निवासी दुर्गेश सिंह अपने गांव के साथी से मिलने के लिए गया था। इस दौरान गुरूवार 7 अगस्त को रात 10 बजे चंडीसिंह एवं उनके साथियों के द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। वही पर्स में रखे 2 हजार नगदी, एटीएम, पेन कार्ड, आधार कार्ड को लुटकर ले गए। इस मामले की रिर्पोट दुर्गेश ने नवागढ थाने में दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया। मामले में आरोपी चंडीसिंह को गिरप्तार किया गया। वही आरोपी के कब्जे से 2 हजार नगदी,आधार पैनकार्ड को जब्त किया गया है।

## कच्ची शराब के अड्डों पर धावा बोलकर महुआ लहान व शराब की नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

लंबे समय से बम्हनीडीह में फल-फूल रहे कच्ची शराब के अवैध कारोबार पर जब पुलिस और विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, तो डिपरी पारा के युवकों और महिलाओं ने खुद कमान संभाल ली। रविवार को डिपरी पारा के युवक ओर महिलाएं लतेल मोहल्ला पहुंचे और वहां बने कच्ची शराब के अड्डों पर धावा बोल दिया। मौके पर रखा सैकड़ों किलो महुआ



लहान और तैयार कच्ची शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध कारोबार की कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई बड़ी कार्रवाई नहीं होने से शराब बनाने वालों के हौसले इतने बुलंद हो गए है। दिन-दहाड़े खुलेआम शराब बनाई और बेची जा रही थी। मोहल्लेवासियों की इस सख़्त कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। लोग अब मांग कर रहे हैं कि पुलिस और विभाग तुरंत सक्रिय होकर बम्हनीडीह नगर स्थित ऐसे अड्डों को जड़ से खत्म करे। लोगों ने कार्रवाई नहीं होने पर आगे भी ऐसे अड्डों पर धावा बोलकर समान नष्ट करने की बात कही है।

### गुड गवर्नेंस एवं मनरेगा एप की ग्रामीणों को दी गई जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा से संबंधित अमृत सरोवर, हर घर तिरंगा, गुड गवर्नेंस, जनमनरेगा मोबाइल एप, जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य, एक पेड़ मां के नाम अभियान, मोर गांव-मोर पानी सहित सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

### पुलिस, परिवहन, पीडब्ल्यूडी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी रहे मौजूद

## बाबाधाम रोड पर दुर्घटना की जांच के लिए पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



थाना जूटमिल क्षेत्र के अंतर्गत अमलीभौना बाबाधाम रोड पर 27 जुलाई को हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवकों को सामने से आ रहे ट्रेलर वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की गंभीरता को देखते पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर घटनाक्रम की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण का उद्देश्य न केवल इस हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाना था बल्कि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस और व्यावहारिक उपाय तलाशना भी था। संयुक्त टीम ने मौके पर सड़क की स्थिति, यातायात व्यवस्था और दृश्य अवरोध जैसे कारकों का बारीकी से अध्ययन किया। अधिकारियों ने पाया कि जिस स्थान पर दुर्घटना हुई वहां सड़क की मरम्मत और सुधार कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाना आवश्यक है ताकि वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

#### निरीक्षण के दौरान ये रहे उपस्थित

इस निरीक्षण में जिला परिवहन अधिकारी अमित प्रकाश कश्यप, उप पुलिस अधीक्षक यातायात उत्तम प्रताप सिंह, लोक निर्माण विभाग से भूपेन्द्र श्रीवास्तव, स्वास्थ्य विभाग से डॉ प्रदीप पटेल, परियोजना से डीआरएम दुर्गा प्रसाद तथा थाना जूटमिल से प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी और सतीश पाठक मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने संबंधित विभागों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की सिफारिश की ताकि क्षेत्र के नागरिकों को सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सके और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### कार चालक ने 20 मीटर तक घसीटा, महिला व बच्ची की मौत

**बतौली-सेदम/सीतापुर।** रविवार की देर शाम एनएच 43 पर तेज रफ्तार कार के चालक ने जमकर उत्पात मचाया। शराब के नशे में धुत कार सवार युवकों ने रक्षा बंधन मनाकर लौट रहे बाइक सवार दम्पति को रौंद दिया। इस घटना में महिला और मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान कार चालकों ने बाइक समेत परिवार को 20 मीटर तक घसीटा। इतना ही नहीं भागते समय सीतापुर में उन्होंने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। सीतापुर में पुलिस ने पकड़ा। बताया जा रहा है कि सीतापुर आदर्शनगर निवासी 27 वर्षीय विक्की तुरिया आ.राम सुन्दर तुरिया पत्नी 26 वर्षीया लक्ष्मी तुरिया व 2 वर्षीया बेटी बेबी को लेकर रक्षा बंधन मनाने के लिए ससुराल अम्बिकापुर के लुचकी गया हुआ था। रक्षा बंधन के बाद परिवार बाइक क्रमांक सीजी 15 सीपी 6047 से वापस अपने घर लौट रहा था। इस दौरान देर शाम एनएच 43 पर माझापारा पुलिया के समीप तेज पीछे से तेज रफ्तार अरटिगा कार क्रमांक सीजी 12 एजी 5638 के चालक ने टक्कर मार दी। युवक शराब के नशे में इस कदर धुत थे कि उन्होंने टक्कर के बाद भी कार नहीं रोकी और दम्पति व बच्ची को बाइक समेत 20 मीटर तक घसीटते हुए ले गए। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गए।

### आसनडीह में नहीं है शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

**धौरपुर।** लुंड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आसनडीह आज भी विकास की बाट जो रहे है। प्रदेश में तो सरकारे रही लेकिन ग्राम पंचायत की स्थिति आज भी ज्यों कि त्यों है। आलम यह है कि आजादी के बाद से आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी। ग्रामीण आज भी स्वच्छ जल के अभाव में ढोढी का पानी पीने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि गांव में एक भी हैंडपंप नहीं है। ऐसा नहीं है कि गांव के लोगों ने जनप्रतिनिधि समेत जिला प्रशासन से शुद्ध पेयजल के लिए गुहार नहीं लगाई बावजूद इसके आज तक ग्राम पंचायत के डारपारा को एक एक हैंडपंप नसीब नहीं हो सका। प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिसका खामियाजा गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। विकासखंड लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत आसनडीह डांरपारा में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने होने से ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### पालक-शिक्षक सम्मेलन में छात्रों की समस्याओं पर चर्चा

**मदनपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलफिली में संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल एवं आर चंदेल के आतिथ्य में किया गया। सभी अतिथियों ने पालकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा विद्यालय प्रतिदिन भेजे तथा स्वयं विद्यालय आकर बच्चे के शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करें। जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र यादव ने पालकों को विद्यालय से जुड़ने की बात कहीं। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने विद्यालय में अपने बच्चों को रोज आने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें शासन के विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम में सत्यम बालाजी ने दीक्षा ऐप का उपयोग पालक, बालक व शिक्षक कैसे करे पर जानकारी दी। श्रीमती अंजना डे ने घर के वातावरण, श्रीमती मानती तिर्की ने छात्र दिनचर्या, श्रीमती अर्चना वर्मा ने छात्रों ने आज क्या किया, कुमारी आकांक्षा गुप्ता ने बच्चा बेझिझक बोलेगा, शिव कुमार साहू ने परीक्षा पे चर्चा, विवेक तिग्गा ने बस्ता रहित शनिवार, श्रीमती अलमा केरकेटटा ने आयु पोषण, राकेश कुमार पटवा ने आय, जाति, निवास, श्रीमती अरूणा केरकेट्टा ने पॉक्सो एक्ट, ओम कुमार गुप्ता ने न्योता भोज, श्रीमती रंजीता मजूमदार ने ईपुस्तकालय पर जानकारी दी। विवेक साकेत ने बैंक से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान रमेश विश्वास, अमल चन्द्र दास, शिव प्रसाद खैरबार ने भी अपनी बातों सभी पालकों को सक्रिय रहकर विद्यालय से जुड़ने की बात कही। कार्यक्रम की व्यवस्था सत्यम बालाजी तथा मंच संचालन प्रभा बड़ा तथा आभार प्रदर्शन विनिता यादव ने किया।

### आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

# सोते पड़ोसी की टांगी मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

चौकी पंडरापाठ क्षेत्र के ग्राम भड़िया, डूमर पारा में पानी रोकने के लिए बनाए गए मेड़ में गिरने से उपजा विवाद खूनी वारदात में बदल गया। 26 वर्षीय दिलसाय नागेश ने अपने 52 वर्षीय पड़ोसी शंकर राम की सोते समय टांगी से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक शंकर राम अपने भाई विजय राम के साथ 9 अगस्त की शाम चौकी पंडरापाठ क्षेत्र के ग्राम घोरडेगा में एक रिश्तेदार के घर मेहमानी गए थे। लौटते समय ग्राम भड़िया में आरोपी दिलसाय नागेश के घर के पीछे बने पानी रोकने के मेड़ में टकराकर शंकर राम गिर पड़ा। इस पर उन्होंने दिलसाय से मेड़ बनाने को लेकर नाराजगी जताई। बात बढ़ी और दोनों के बीच गाली-गलौज व मारपीट हो गई। शोर सुनकर परिजन पहुंचे और बीच-बचाव कराकर शंकर राम को घर ले गए।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### पुलिस की तत्परता

पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मृतक के शव का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम कराया। आरोपी दिलसाय नागेश को पर्याप्त सबूतों के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

#### कार्रवाई में शामिल टीम

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी पंडरापाठ उपनिरीक्षक सतीश सोनवानी, सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार चौहान, प्रधान आरक्षक राकेश कुजूर, आरक्षक अरुण राम और बिल्ल्यूस लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### रात में टांगी लेकर पहुंचा आरोपी

घटना के कुछ घंटे बाद रात लगभग 10 बजे शंकर राम अपने घर के बाहर परछी में सो रहे था व परिजन घर के अंदर थे। इसी दौरान आरोपी दिलसाय नागेश टांगी लेकर वहां पहुंचा और सोते हुए शंकर राम के सिर व चेहरे पर तीन से चार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से शंकर राम की मौके पर ही मौत हो गई।

#### सुबह दिखा खून से लथपथ शव

10 अगस्त की सुबह जब परिजन उठे तो उन्होंने शंकर राम को खाट पर खून से लथपथ मृत अवस्था में पाया। घटना की सूचना तत्काल चौकी पंडरापाठ पुलिस को दी गई।

#### आरोपी ने किया जुर्म कबूल

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हत्या का अपराध दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने हत्या की बात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि दिन में हुए विवाद से क्षुब्ध होकर उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त टांगी भी बरामद कर ली।

# मॉनसून का यूटर्न, सप्ताह भर से नहीं हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

- खेत सूखे, चिलचिलाती धूप व उमस से लोग परेशान

मॉनसून के यूटर्न लेने के बाद मौसम के तल्ख तेवर को देख कोतबा क्षेत्र के किसान एक बार फिर अपने को बेबस और लाचार महसूस कर रहे हैं। एक सप्ताह से चिलचिलाती धूप एवं उमस भरी गर्मी को देख किसानों का सब्र अब जवाब देने लगा है।

काफी हिम्मत जुटाकर खर्च की परवाह किये बगैर किसानों ने और कड़ी मेहनत के बल पर उच्चकिस्म के हाईब्रिड धान की रोपाई चलाकर जैसे-तैसे धान का बीड़ा डाला था। मगर अब मौसम प्रतिकूल होने की वजह से खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं, जो किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। अगस्त माह में एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है मगर अब तक बारिश नहीं हुई है, ऐसे में खेतों से नमी तेजी से गायब हो रही है। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खिंच गई हैं। क्षेत्र के फरसाटोली पंचायत के किसान फुलेश्वर सिंह,सरजू पैंकरा,कर्राबेवरा से दिलपाल नाग,अरुण पैंकरा,कोतबा से विजय बंजारा, खुशी शर्मा सहित दर्जनों किसानों का कहना है कि आसाढ़ माह के शुरुआती दिनों से अंतिम माह तक लगातार बारिश हुई।


बारिश के अभाव में सूख रहे खेत।

#### पौधों में नहीं हो रही है वृद्धि

मौसम अनुकूल होने की उम्मीद पर एक पूर्व किसानों ने रोपाई के बाद पानी खेतों से छोड़ दी थी उन्हें उम्मीद थी कि दो-चार दिनों के अंतराल पर हल्की-फुल्की बारिश होती रहेगी, जिससे खेतों में नमी बनी रहेगी। और जल्द ही फसल तैयार हो जायेगा। मगर मॉनसून के यूटर्न लेने से सारी उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। आसमानी पानी नहीं होने से पौधों में आशा के अनुरूप वृद्धि नहीं हो रही है जबकि, ज्यादातर पौधे पीले पड़ने लगे हैं। पानी के अभाव में खेतों में दरारें फट गयी हैं, जिससे पौधों का विकास अवरुद्ध हो गया है। खेतों में पानी नहीं रहने से खर-पतवार में भी तेजी से वृद्धि होने लगा है. इससे किसानों की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं।

#### दलहन, तिलहन फसलें 5 प्रतिशत ही पूरी

इस वर्ष भारी बारिश ने दलहन, तिलहन फसलों पर पूर्णतः रोक जैसे हालात पैदा कर दिया है। इस क्षेत्र में धान की फसल के साथ ही मूंगफली, उड़द, रहड़, मूंग सहित अन्य फसलें बड़ी मात्रा में ली जाती है, लेकिन इस वर्ष हुए भारी बारिश ने इस पर रोक लगा दिया। ऐसी स्थिति में किसानों को एक मात्र धान की फसल ही सहारा है.अब सूखे से उस फसल पर रोक लगा दी है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं


लोगों की समस्या सुनते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- आवेदनों के समयबद्ध निराकरण को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। आज जनदर्शन में कुल 25 आवेदन आए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व, साफ- सफाई, बरसात के मौसम में उत्पन्न होने वाली समस्याओं सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन शामिल थे।

### जीप ने बाइक सवार ग्रामीण को मारी टक्कर, मौत

**बतौली/सेदम।** रविवार को सवारी ढोने वाले जीप के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को रौंद दिया। इस घटना में बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई जबकि उसकी दो बच्चियां घायल हो गई। घायल बच्चियों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि महेशपुर कसईडीह निवासी 30 वर्षीय छवि सारथी 10 अगस्त की दोपहर अपनी पुत्री अंजली सारथी ( 8 वर्ष) व काजल सारथी (6 वर्ष) को लेकर बाइक से महेशपुर से बिरिमकेला की ओर जा रहा था।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बस स्टैंड में लगाया गया शिविर

- सोलर प्लांट पर छूट के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी

**जशपुरनगर।** सोमवार को बस स्टैंड में पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार प्रसार हेतु शिविर लगाया गया। शिविर में आम जन को पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध मे समझाइश दी गई।

सरकार द्वारा 3 केव्ही सोलर प्लांट पर छूट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद कुमार भगत एवं 7 अन्य उपभोक्ताओं द्वारा सोलर प्लांट के लिए ऑनलाइन एप्प पर आवेदन किया गया। शिविर मे सहायक अभियंता लुकमान खान एवं कनिष्ठ अभियंता दिनेश त्रिपाठी उपस्थित थे। योजना का उददेश्य सौर उर्जा का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु घर-घर आवश्यकता अनुरूप सौर उर्जा संयंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने एवं मासिक बिजली बिल में कमी लाना है। योजना के तहत नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के सभी नियमित अधिकारी-कर्मचारियों को अपने आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की सलाह दी जा रही है। समस्त कर्मचारी पीएमएसजी-एमबीवाय योजना के अंतर्गत अपने स्वयं के आवासीय परिसर में या जो अधिकारी-कर्मचारी बोर्ड क्वार्टर, किराए के मकान या बहुमंजिला इमारतों में रह रहे हैं, वे अपने गृहनगर छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित स्वयं के या पुश्तैनी मकान पर या वर्चुअल नेट मीटरिंग के माध्यम से बहुमंजिला इमारत में रहने वाले अधिकारी-कर्मचारी, रिहायशी सोसाइटी सदस्यों के समन्वय में आवेदन कर रूफटॉप सोलर प्लांट की स्थापना कर सकते हैं। योजना के तहत रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किये जाने हेतु केन्द्र एवं राज्य द्वारा अनुदान देय है। इनमें 01 केव्ही प्लाट स्थापित हेतु केन्द्रीय वित्तीय सहायता 30 हजार एवं राज्य विस्तीय सहायता 15 हजार कुल 45 हजार अनुदान देय होगा। इसी प्रकार 02 केव्ही प्लांट के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता 60 हजार एवं राज्य विस्तीय सहायता 30 हजार कुल 45 हजार और 03 केव्ही या उससे अधिक प्लांट हेतु केन्द्रीय वित्तीय सहायता 78 हजार एवं राज्य विस्तीय सहायता 30 हजार कुल 1 लाख 8 हजार अनुदान देय होगा। 03 कि.वा तक क्षमता के रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने हेतु 6 प्रतिशत के ब्याज दर पर 10 वर्षों के लिए बैंक द्वारा लोन की सुविधा है, जिसकी ईएमआई राशि समान्य मासिक बिल से भी कम है। समस्त अधिकारी-कर्मचारियों से 3 माह के भीतर अपने परिसरों में रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने अन्यथा पॉवर कंपनी द्वारा दी जा रही बिजली बिल में विशेष रियायत की सुविधा को स्थगित किये जाने पर विचार किया जाएगा। उक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने एवं अधिक जानकारी के लिए पी.एम.सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आनलाईन पोर्टल पर लॉग आन करने या अपने नजदीकी बिजली दफतर से संपर्क करने हेतु अपील किया गया है।



शिविर में उपस्थित अधिकारी।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 24 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 11वीं में गणित-विज्ञान की रिक्त सीटों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 24 अगस्त को प्रातः 11 से अपरान्ह 1 बजे तक किया जाएगा। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा में होगा।

आदिम जाति कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय में कक्षा 11वीं में कुल रिक्त 09 सीटों पर छात्र-छात्राओं का प्रवेश लिया जायेगा। इनमें वर्गवार विभिन्न सीटें रिक्त है। रिक्त सीटों में अनुसूचित जनजाति बालक-02 एवं बालिका-03 सीट, अनुसूचित जाति वर्ग के बालिका-01 सीट, अन्य पिछड़ा वर्ग के बालक-02 सीट तथा सामान्य वर्ग के बालक-01 सीट रिक्त है, रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं 22 अगस्त 2025 तक आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर एवं प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा के कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा कर सकते है।




परीक्षा में शामिल होने हेतु विद्यार्थियों की न्यूनतम पात्रता कक्षा 10वीं में 60 प्रतिशत अंक-समकक्ष ग्रेड के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ कक्षा 10वीं की अंकसूची, निवास-प्रमाण, जाति-प्रमाण, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं 02 पासपोर्ट फोटो जमा करना होगा। प्रवेश परीक्षा परिणाम के मेरिट आधार पर छात्र-छात्राओं को कक्षा 11वीं में प्रवेश दिया जायेगा।

# अस्पताल से गायब थे डाक्टर-नर्स, प्रसूता ने जमीन पर दिया बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले के भटगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। अस्पताल में एक महिला 4 घंटे तक प्रसव पीड़ा से जमीन पर तड़पती रही। इस दौरान अस्पताल में ना ही कोई ड्यूटी डॉक्टर मौजूद थे और ना ही कोई स्टाफ नर्स।

घंटों तक दर्द से तड़पने के बाद महिला का जमीन पर ही असुरक्षित तरीके से प्रसव हो गया। महिला के प्रसव उपरान्त चकित्सक अस्पताल पहुंची। अब इस मामले में सीएमएचओ ने जांच के लिए टीम गठित कर दी है और जांच के बाद कार्रवाई की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखंड अंतर्गत ग्राम असना ढोढ़ी निवासी 30 वर्षीय कुंती बाई पति वीरेंद्र गर्भवती थी। शनिवार को महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो परिजन ने गांव की मितानिन से संपर्क किया लेकिन मितानिन रायपुर में थी। मितानिन ने महिला को तत्काल अस्पताल लेकर जाने को कहा जिसके बाद महिला को उसकी सास इंजोरिया बाई और पति लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव पहुंचे थे।


प्रसूता से जानकारी लेते चिकित्सक, इनसेट में नवजात।

#### होगी कड़ी कार्रवाई

घटना की जानकारी मिली है। फिलहाल जच्चा बच्चा स्वस्थ है और चिकित्सकों की निगरानी में है। ड्यूटी नर्स अस्पताल नहीं आई और उसका फोन बंद था। इस मामले में जांच टीम गठित की गई है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-कपिल देव पैकरा
सीएमएचओ सूरजपुर

### जिले में अब तक 7544.6 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 7544.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 11 अगस्त तक की स्थिति में 5903.8 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 26.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 837.9 मिमी, मनोरा में 957.0 मिमी, कुनकुरी में 1118.7 मिमी, दुलदुला में 455.3 मिमी, फरसाबहार में 602.6 मिमी, बगीचा में 785.9 मिमी, कांसाबेल में 708.2 मिमी, पत्थलगांव में 657.7 मिमी, सन्ना में 888.5 मिमी एवं बागबहार में 532.8 मिमी वर्षा हो चुकी है।

# रक्षा बंधन मनाकर लौट रहा युवक आया ट्रक की चपेट में, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- दलधोवा घाट पर हुई घटना

रविवार की सुबह एनएच 343 के दलधोवा घाट पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक पत्नी को लेकर रक्षा बंधन मनाने ससुराल आया था और अगली सुबह वापस घर लौट रहा था। इस दौरान ट्रक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना के बाद परिजन सदमे में है और रक्षाबंधन की खुशियां मातम में बदल गई।

बताया जा रहा है कि शंकरगढ़ थाना अंतर्गत गाम बांदा निवासी नन्हेश्वर खलखो आ. मोहनलाल खलखो पत्नी को लेकर रक्षा बंधन मनाने के लिए नगर के वार्ड क्रमांक 2 में स्थित अपने ससुराल आया हुआ था। शनिवार को रक्षा बंधन मनाने के बाद रविवार की सुबह 7 बजे अकेले ही बाइक क्रमांक सीजी 15 इइ 0802 से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान सुबह लगभग 7. 30 बजे एनएच 343 पर दलधोवा घाट के समीप रायपुर से क्लिंकर लोड कर बिहार की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 07 सी जे 4055 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में ले लिया। इस घटना को लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक्र एनएच पर दलधोवा घाट के मोड़ पर बड़े बड़े गड्ढे है और बाइक चालक ट्रक से साइड लेने के दौरान चपेट में आ गया और बाइक समेत चक्के के नीचे फंस गया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद हाईवे पेट्रोलिंग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को मर्च्युरी में भेजा इसके साथ ही ट्रक को जब्त किया गया। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। इस घटना के बाद परिवार की खुशियां मातम में बदल गई।




#### टीम कर रही है मदद

एनएच पर आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। ऐसे में सड़क दुर्घटना के बाद लोगों को राहत पहुंचाने के लिए यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत पुलिस ने एक यातायात जन जागरूकता ग्रुप का निर्माण किया गया है जिसमें अमित मिंज के नेतृत्व में क्षेत्र के युवाओं को जोड़ा गया है। इस ग्रुप के माध्यम से लोगों को सड़क दुर्घटना के बाद लोगों को त्वरित राहत पहुंचाने की बुनियादी जानकारी दी जा रही है।

### कलेक्टर ने जिला अंतव्यवसायी सहकारी विकास समिति की ली समीक्षा बैठक

# शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को समय-सीमा में प्रदान करें: व्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट समाकक्ष में वन विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, खनन विभाग, कौशल विकास, लाईवलीहुड कॉलेज जिला अंतव्यवसायी सहकारी विकास समिति और बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर उनके विभागों द्वारा संचालित विकासमूलक योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही कलेक्टर ने समय-सीमा में आए प्रकरणों के निराकरण, पेंशन प्रकरण, समयमान वेतनमान, विभागीय जांच, सुशासन तिहार के दौरान आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति और 15 साल से पुराने हो चुके वाहनों की नीलामी के संबंध में जानकारी ली व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों का निर्देश दिए की यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए की जनहित में संचालित शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र हितग्राहियों को समय में प्राप्त हो। कार्यों में लापरवाही या देरी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पेंशन प्रकरण के मामले में पूरी गंभीरता बरतते हुए तय समयसीमा में पूरा करें। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय जांच की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए की जांच में पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ प्रत्येक मामले को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने 15 वर्ष से पुराने शासकीय वाहनों की नीलामी की प्रगति की भी समीक्षा की और बचे हुए वाहनों की निलामी प्रक्रिया नियमानुसार शीघ्र कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समयसीमा में आए प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ समयसीमा में पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री व्यास ने उद्योग विभाग और जिला अंतव्यवसायी सहकारी विकास समिति से उनके विभाग द्वारा योजनाओं के माध्यम से व्यवसाय, उद्योग और रोजगारमूलक गतिविधियों के लिए दी जाने वाली सहायता की जानकारी ली और ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने कौशल विकास विभाग और लाईवलीहुड कॉलेज के द्वारा विभिन्न रोजगार और स्वरोजगार के लिए चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्लेसमेंट की जानकारी ली और कहा की इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाए, ताकि रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को इसका लाभ मिले।


अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

### बाइक की टक्कर से गंभीर वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** सड़क पार कर रहे वृद्ध को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम मादिनापुर निवासी करीमन राम (80 वर्ष) 4 अगस्त की सुबह 10 बजे स्नान करने घर से कुछ दूर स्थित बोर में जा रहा था। जैसे ही वृद्ध सड़क पार करने लगा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया।



# अबीर गुलाल दुनिया भर में 29 अगस्त को होगी रिलीज

**मुंबई।** वाणी कपूर और पाकिस्तानी कलाकार की फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। यह फिल्म काफी पहले भारत में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कश्मीर के पहलगाम में हमले की वजह से इसकी रिलीज टल गई थी। यह फिल्म 9 मई 2025 को रिलीज होने वाली थी। यह फिल्म अब 29 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होगी। हाल ही में दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' को पूरी दुनिया में रिलीज किया गया है। हालांकि, यह फिल्म भारत में नहीं रिलीज हुई है। 'अबीर गुलाल' के मेकर्स भी इसी रणनीति को अपनाने की योजना बना रहे हैं।

लाइफ Style



# श्रुति
## जिंदगी की करना चाहती हैं नई शुरुआत

इन दिनों श्रुति हासन साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर चर्चा हैं। इसी फिल्म की चर्चा के बीच श्रुति ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जिंदगी की नई शुरुआत करने की बात की है। इस पर यूजर्स ने एक्ट्रेस को कई तरह की सलाह दे डाली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं। लेकिन, फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो। इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं। श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है। इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है। लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है। यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी। आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं। इसलिए इंतजार ना करें। आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं।' '

## हॉलीवुड मसाला



# टॉम-जेंडाया ने बिताया क्वालिटी टाइम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम हॉलैंड और अभिनेत्री जेंडाया इन दिनों सिर्फ फिल्मों में नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी में भी सुर्खियों में हैं। जहां एक ओर दोनों मार्वल की अगली फिल्म स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यू डे की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं दूसरी ओर वो लंदन में सुकून के पल बिताते भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने साथ में वक्त बिताया और इंडियन मील को एन्जॉय करते हुए नजर आए। लंदन के गेराड्र्स क्रॉस इलाके में हाल ही में दोनों को एक पार्क में देखा गया। टॉम उस दौरान अपनी फिल्म 'स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यू डे' का एक अहम सीन शूट कर रहे थे।



# छोटे कद का 30 साल का आदमी था स्टंट डबल

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता मैकाले कल्किन ने लंबे समय से चली आ रही उस अफवाह के बारे में बताया कि 'होम अलोन' में उनका स्टंट मैन बहुत छोटा था। 30 साल के लैरी निकोलस ने उनके स्टंट करते हुए बॉडी डबल का रोल किया था। मैकाले कल्किन ने कहा 'उसका नाम लैरी था और मैंने उसे पहली बार कपड़ों के अपार्टमेंट में देखा था। मैंने कपड़े बदले और बाहर निकला, तो वहां एक लड़का था लैरी, जिसने बिल्कुल मेरी तरह कपड़े पहने थे। मैंने उनसे कहा ओह लैरी कैसे हो? इस पर उसने जवाब दिया मैं अच्छा हूं। मैं लैरी हूं स्टंटमैन। उसने मेरी तरफ देखा और कहा तुम्हें क्या लगता है मेरी उम्र कितनी है? मैंने कहा- यह तो बहुत ही अजीब सवाल है। मैं नौ साल का था। तो मैंने सोचा वह 13 के होंगे'। मैं जब कहा कि क्या आपकी उम्र 13 है तो वह हंस पड़े।' एक बार शेल्फ के टूट जाने से लैरी गिर गए थे।



# मदरहुड जर्नी को एंज्वॉय कर रही हैं कियारा

**मुंबई।** कियारा आडवाणी का घर और जिंदगी इस वक्त खुशियों से भरी हुई है। 15 जुलाई को कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बेटी के माता-पिता बने। बेटी के जन्म पर कियारा और सिद्धार्थ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी, जिसमें लिखा था, 'हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमें बेटी हुई।' हाल ही में कियारा ने अपनी मदरहुड जर्नी को लेकर भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की है। कियारा आडवाणी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मैं तुम्हारे डायपर बदलती हूं, तुम मेरी दुनिया बदलो। यह एक फेयर ट्रेड है।' इस पोस्ट के जरिए कियारा अपनी मदरहुड जर्नी को फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। इस मदरहुड जर्नी में पति सिद्धार्थ मल्होत्रा भी कियारा का साथ दे रहे हैं। कियारा आडवाणी इन दिनों ब्रेक पर हैं, वह बेटी की परवरिश में समय दे रही हैं।



# तलाक की अफवाहों के बीच चिल मूड में दिखे

**मुंबई।** हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन और दोनों की बेटी आराध्या बच्चन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। उनकी एक झलक पाने के लिए वहां फैंस की भीड़ लग गई। बच्चन परिवार के तीनों सदस्य जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर निकले तो पैपराजी ने उनकी तस्वीरें और वीडियो ली। सभी ने यात्रा करने वाले बेहतरीन ड्रेस पहने थे। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने सामान खुद लेकर जा रहे थे। बाहर निकलने के बाद उनके सामान को उनके सुरक्षा गार्ड ने लिए। अभिषेक बच्चन ने एयरपोर्ट के स्टाफ से हाथ मिलाया और उनसे गर्मजोशी से मुलाकात की। ऐश्वर्या ने अपना बैग खुद संभाला। एयरपोर्ट पर आराध्या बच्चन का अंदाज देखने वाला था। उन्होंने पैपराजी को पोज दिए और उनका अभिवादन भी किया।

## टीवी मसाला

# कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान हिना को किसी ने नहीं दिया काम

**नई दिल्ली।** हिना खान टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। साथ ही फिल्मों में भी लीड रोल कर चुकी हैं। पिछले साल उन्हें ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। इसी बीमार से वह डटकर लड़ी और इलाज के बाद ठीक हो गईं। कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान भी हिना खान एक्टिव रहीं, लेकिन किसी सीरियल या फिल्म में नजर नहीं आईं। जबकि वह तो काम करना चाहती थी। अब हिना खान ने बताया कि किसी ने उन्हें पिछले एक साल में कोई काम ऑफर नहीं किया है। हिना खान कहती हैं, 'बीमारी का पता लगने, इलाज हो जाने के बाद 'पति पत्नी और पंगा' मेरा पहला प्रोजेक्ट है। मैं काम करना चाहती हूं। किसी ने मुझसे सीधे तौर पर यह नहीं कहा कि तुम अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हो। लेकिन, मुझे लगता है कि शायद लोग काम देने से हिचकिचा रहे हैं। हो सकता है शो बनाने वाले ऐसा करें, मैं उनकी स्थिति भी समझती हूं। अगर मैं उनकी जगह होती, तो हजार बार सोचती।'हिना खान आगे कहती हैं, 'लेकिन मैं ऑडिशन के लिए तैयार हूं, मैं कहां रुकी थी? पिछले एक साल से मुझे किसी ने नहीं बुलाया। मैं हर चीज के लिए तैयार हूं, मुझे कॉल करें।' हाल ही में हिना खान अपने पति रॉकी जायसवाल के साथ शो 'पति पत्नी और पंगा' का हिस्सा बनी हैं। हिना और रॉकी के अलावा 'पति पत्नी और पंगा'में कई टीवी सेलिब्रिटी कपल भी शामिल हुए हैं।



# लाफ्टर शेफ के बाद पाकिस्तान ने भी बनाया कॉमेडी किचन शो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान लगभग हर चीज में भारत की कॉपी करने का पूरा ट्राई करता है। चाहे इंडियन प्रीमियर लीग की कॉपी पाकिस्तान प्रीमियर लीग हो या फिर टीवी शो ही क्यों ना हो. हाल ही में भारत के फेमस शो लाफ्टर शेफ के थीम को कॉपी करते हुए पाकिस्तान ने अपना कॉमेडी किचन शो बना लिया है। इसका प्रोमो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और यूजर्स भी कमेंट कर रहे हैं कि कहीं तो कॉपी करना छोड़ दो पाकिस्तान वालों। प्रोमो वीडियो को देखकर आप भी कहेंगे कि ये लाफ्टर शेफ की कॉपी की गई है। इसमें पाकिस्तानी सेलिब्रिटी यास्म गिल, अमर खान, मरियम खान, आरजू, मुस्तफा चौधरी और शेफ सादात नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में बताया गया है कि कश्मीर कॉमेडी किचन शो जल्द ही ग्रीन एंटरटेनमेंट पर टेलीकास्ट किया जाएगा। कलर्स का फेमस शो लाफ्टर शेफ के अब तक दो सीजन आ चुके हैं जिसमें पहले सीजन में अली गोनी और दूसरे सीजन में करण कुंद्रा विनर रहें।



# रिश्ते में संवेदनाएं एक जैसी होनी चाहिए : फातिमा

**मुंबई।** फातिमा सना शेख अपनी दो फिल्मों आप जैसा कोई और मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में रही हैं। फिल्म आप जैसा कोई में उन्होंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अपने से बड़े उम्र के व्यक्ति के साथ प्यार में पड़ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने कहा है कि किसी भी रिश्ते में उम्र कोई दिक्कत नहीं है। उम्र के मामले पर बोलते हुए फातिमा सना शेख ने कहा 'अगर रिश्ते में दोनों की भावनाएं मेल खाती हैं तो इससे फर्क नहीं पड़ता है कि कोई लड़का मुझसे 10 साल बड़ा है। भावनाओं का स्तर एक जैसा होना चाहिए। उम्र में फर्क वाली चीज तो सदियों से होती आ रही है।' फातिमा सना शेख ने 'रहना है तेरे दिल में' के अभिनेता आर माधवन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया 'मैं बहुत खुशकिस्मत हूं। मैं लोगों से बताती हूं कि मुझे एक ऐसा किरदार मिला जिसमें मैं उनके साथ रोमांस कर रही हूं। हालांकि फिल्म में बहुत सही तरीके से रोमांस कर रही थी क्योंकि यह अच्छी तरह लिखा गया था। हमारी केमिस्ट्री एकदम प्राकृतिक थी।' फातिमा सना शेख ने आर माधवन के बारे में आगे कहा 'वह एक काबिल अभिनेता हैं। वह अपने आप में एक निर्देशक भी हैं। जब भी मैंने फिल्म में कुछ न करने का कारण दिया, तो उन्होंने मेरा उत्साह बढ़ाया।' फिल्म में दोनों के अभिनय की सराहना की गई है।



# महावतार नरसिम्हा बनी 2025 की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म

**मुंबई।** डायरेक्टर अश्विन कुमार की फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' हर दिन एक नया इतिहास रच रही है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छप्पर फाड़ कमाई कर रही है। इस फिल्म ने कई बड़ी फिल्मों को कमाई के मामले में धूल चटा दी है। 'महावतार नरसिम्हा' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म का हिंदी वर्जन जमकर कलेक्शन कर रहा है। दर्शक फिल्म को काफी पसंद कर रहे हैं। ये फिल्म अपने बजट से कई गुना ज्यादा कमा चुकी है। 'महावतार नरसिम्हा' का बजट 15 करोड़ हुए हैं। ये एक एनिमेटेड फिल्म है, जो दर्शकों का दिल जीत रही है। इस फिल्म ने कई बिग बजट और बिग स्टार्स की फिल्में जैसे सैयारा और सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 से ज्यादा कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने 16वें दिन 19.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म का टोटल कलेक्शन 145.15 करोड़ रुपए हो गया है।



महावतार नरसिम्हा' का कलेक्शन- डे 1- 1.75 करोड़ रुपए, डे 2- 4.6 करोड़ रुपए, डे 3- 9.5 करोड़ रुपए, डे 4- 6 करोड़ रुपए, डे 5- 7.7 करोड़ रुपए, डे 6- 7.7 करोड़ रुपए, डे 7- 7.5 करोड़ रुपए, डे 8- 7.7 करोड़ रुपए, डे 9- 15.4 करोड़ रुपए, डे 10- 23.1 करोड़ रुपए, डे 11- 7.35 करोड़ रुपए, डे 12- 8.5 करोड़ रुपए, डे 13- 6 करोड़ रुपए, डे 14- 5.35 करोड़ रुपए, डे 15- 7.5 करोड़ रुपए, डे 16- 19.50 करोड़ रुपए। टोटल कलेक्शन- 145.15 करोड़ रुपए। 'महावतार नरसिम्हा' 2025 में बॉलीवुड की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। फिलहाल, ये फिल्म विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 601.57 करोड़ रुपए, अहान पांडे-अनीत पड्डा अभिनीत 'सैयारा' 315.84 करोड़ रुपए, अक्षय कुमार की 'हाउसफुल 5' 183.38 करोड़ रुपए, अजय देवगन स्टारर 'रेड 2' 173.44 करोड़ रुपए और आमिर खान स्टारर 'सितारे ज़मीन पर' 167.4 करोड़ रुपए से पीछे है।

## अनिल विश्वास ने न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा

# जब नशे में धुत थे मुकेश, कॉलर से घसीटकर स्टूडियो ले गया था डायरेक्टर



*नई दिल्ली। मुकेश माथुर बॉलीवुड के सबसे नामचीन म्यूजिक डायरेक्टर में से एक थे। नील नितिन मुकेश के दादा मुकेश ने हिंदी म्यूजिक इंडस्ट्री को अतुलनीय योगदान दिया है। मुकेश माथुर को म्यूजिक इंडस्ट्री में लाने का श्रेय उनके दूर के रिश्तेदार को जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी बदलने का श्रेय म्यूजिक कंपोजर अनिल विश्वास को जाता है। अनिल विश्वास ही थे जिन्होंने मुकेश को न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि एक जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा और निखारा। ये किस्सा 1940 का है जब मोतिलाल मुकेश को फिल्म 'आसरा'के गाने की रिकॉर्डिंग के लिए नेशनल स्टूडियो ले कर गए थे। नए-नए मुकेश में प्रतिभा की तो कोई कमी नहीं थी, लेकिन उनके नए-नए हुनर को दिशा की जरूरत थी। मुकेश को एक ऐसे गुरू की जरूरत थी जो न सिर्फ उन्हें दिशा दे सके, बल्कि उनके हुनर को भी तराश सके।*

### पहली बार उम्मीद पर खरा नहीं उतरे

अब जब मुकेश अनिल विश्वास के पास पहुंचे तो वो उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए। बार-बार कोशिश के बाद अनिल ने वा गाना खुद ही गा लिया, ऐसे में निराश होकर मुकेश ने कह दिया कि अगर दिग्गज म्यूजिक कंपोजर खुद ही गाते रहेंगे, तो उनके जैसे नए टैलेंट को मौका कैसे मिलेगा और उनकी ये बात अनिल विश्वास के दिल में घर कर गई। अनिल ने ठान लिया कि अपनी दूसरी फिल्म में वो सिंगर को मौका जरूर देंगे।

### रिकॉर्डिंग के दिन गायब हो गए थे

पहले मौके के 5 साल बाद जब अनिल एक बार फिर फिल्म बना रहे थे, तो उन्होंने फिल्म 'पहली नजर'के लिए मुकेश को अप्रोच किया। डेट तय थी, स्टूडियो बुक था और गाने की रिकॉर्डिंग के दिन सिंगर मौके पर पहुंचे ही नहीं। वो एक बार में बैठकर शराब पी रहे थे। वो पूरी तरह से शराब के नशे में धुत थे, लेकिन अनिल विश्वास को जैसे ही ये बात पता चली वो खुद ही बार पहुंच गए।

### कंपोजर ने मुकेश को रसीद दिया था थप्पड़

म्यूजिक डायरेक्टर बार में सबके बीच से मुकेश को कॉलर से घसीटते हुए बाहर लेकर आए और उन्होंने सिंगर को एक झन्नाटेदार थप्पड़ रसीद दिया। उसके बाद उन्होंने मुकेश का सिर धुलाकर उन्हें स्ट्रॉन्ग काली कॉफी पिलाकर उनसे गाना रिकॉर्ड कराया और ये गाना ऐतिहासिक बन गया। मुकेश की आवाज में ये गीत हिंदी सिनेमा के बेहतरीन गानों में से एक है। अनिल के झापड़ से मुकेश की आंखें खुल गईं और उन्हें एहसास हुआ कि अगर उन्हें कुछ करना है, तो उन्हें खुद को शराब आदि से दूर रखना पड़ेगा।

**खबर संक्षेप**

### अतिथि शिक्षकों के लिए आवेदन 3 सितम्बर तक

**रायगढ़।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु अस्थाई रूप से आयुक्त कार्यालय पदेन सचिव छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अधीन गठित एवं एनईएसटीएस द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक दर पर व्यवस्था हेतु अतिथि शिक्षकों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑफलाईन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 सितम्बर निर्धारित की गई है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है।

### दिव्यांग छात्र गोविंद को मिलेगा छात्रावास में प्रवेश



**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं, मांगें और शिकायतें गंभीरता से सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदनों का नियमानुसार और संवेदनशीलता के साथ त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में घरघोड़ा तहसील के ग्राम बुलेकेरा निवासी मनबंधू दास ने बताया कि उनके पुत्र गोविंद दास का प्रवेश डिग्री कॉलेज रायगढ़ में हो गया हैए किंतु रहने की व्यवस्था नहीं है। साथ ही गोविंद एक आंख से दिव्यांग हैं। इस पर कलेक्टर ने तत्काल आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को निर्देशित किया कि गोविंद दास को छात्रावास में प्रवेश दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। छत्तीसगढ़ कामगार सिविल एवं पेंटिंग मजदूर संघ ने रायगढ़ नगर के नया शनि मंदिर श्रमिक चौक में प्रतिदिन रोजगार के लिए एकत्र होने वाले सैकड़ों श्रमिकों की सुविधा हेतु स्थाई प्रतीक्षालय, पेयजल व शौचालय की व्यवस्था की मांग कीए जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनदर्शन में खरसिया की श्रीमती इंदिरा साहू ने बोईरदादर स्थित अपनी निजी भूमि का सीमांकन कराने की मांग की। सहसपुरी की 24 वर्षीय दिव्यांग मंजू बैरागी ने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। कौवाताल के मकरध्वज साहू ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त दिलाने की मांग की। फटहामुड़ा के बलिचरन ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग रखी। सलिहाभाठा के सेवानिवृत्त सुनाउ राम सिदार ने पेंशन व एरियश राशि दिलाने का आवेदन दिया। तरेकेला के ग्रामीणों ने माध्यमिक स्कूल में शिक्षक की व्यवस्था की मांग की। कलेक्टर ने कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर आमजनों को राहत पहुंचायी और शेष आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से प्रदीप बने आत्मनिर्भर

# 3 किलोवॉट सोलर प्लांट से प्रतिमाह 350-400 यूनिट बिजली का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस योजना के तहत नागरिकों को न केवल जागरूक किया जा रहा है, बल्कि उन्हें आवेदन कर लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

इसी क्रम में रायगढ़ के सावित्री नगर निवासी प्रदीप पटेल ने अपने घर पर 3 किलोवॉट का सौर पैनल स्थापित कर बिजली बिल से राहत पाई है। यह पैनल सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लगाया गया है। इसमें उन्हें केंद्र सरकार से 78,000 रुपए और राज्य सरकार से 30,000 रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई। आवेदन करने के मात्र 10 दिन के भीतर ही सब्सिडी की राशि उनके खाते में जमा हो गई। श्री पटेल के यहां प्रतिमाह 350-400 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। उनका औसत मासिक खपत 500 यूनिट हैए जिससे उन्हें केवल 100-150 यूनिट का ही बिल चुकाना पड़ता है। उन्होंने योजना की सराहना करते हुए अन्य नागरिकों से भी इसका लाभ उठाने की अपील की और शासन.प्रशासन को धन्यवाद दिया।



### जिले के 197 से अधिक घरों में सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भरता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाय के तहत रायगढ़ जिले में अब तक 197 से अधिक घरों में सौर रूफटॉप सिस्टम स्थापित हो चुके हैं। इनसे सैकड़ों परिवारों को बिजली बिल से मुक्ति मिली है और वे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे हैं। स्थापित सोलर रूफटॉप सिस्टम से प्रत्येक घर को प्रतिमाह औसतन 3,000 रुपए से 5,000 रुपए की सीधी बचत हो रही है। योजना से न केवल आर्थिक लाभ हो रहा हैए बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया जा रहा है।

### योजना की वित्तीय सहायता और उत्पादन क्षमता

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत स्थापित 1 किलोवॉट प्लांट में औसतन 120 यूनिट प्रतिमाह माह उत्पादन होता है। इसने 30,000 रुपए सब्सिडी केंद्र से और 15,000 रुपए राज्य से प्रदाय किया जाता है। इसी तरह 2 किलोवॉट प्लांट में औसतन 240 यूनिट प्रतिमाह उत्पादन और सब्सिडी केंद्र से 60,000 रुपए और राज्य से 30,000 रुपए प्रदाय किया जाता है। 3 किलोवॉट प्लांट में औसतन 360 यूनिट प्रतिमाह माह उत्पादन एवं केंद्र से 78,000 रुपए और राज्य से 30,000 रुपए प्रदाय किया जाता है। उपभोक्ता को शेष राशि स्वयं वहन करनी होती हैए जो ऋण सुविधा के माध्यम से भी उपलब्ध है।

### ऑनलाइन प्रक्रिया से करें आवेदन

योजना का लाभ पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत दिया जा रहा है। उपभोक्ता पोर्टल, पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, मोर बिजली ऐप या टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर आवेदन कर सकते हैं। साथ ही नजदीकी सीएसपीडीसीएल कार्यालय में संपर्क भी कर सकते हैं। उपभोक्ता सौर प्लांट स्थापना हेतु वेंडर का चयन स्वयं ऑनलाइन कर सकते हैं।



## रासायनिक खाद की समस्या को लेकर किसान संघ ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

क्षेत्र में रासायनिक खाद की आपूर्ति नहीं होने से किसानों में तीव्र नाराजगी है। रविवार को किसान संघ ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी, प्रदर्शन करते हुए सरिया थाना पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में किसान संघ ने मांग किया है कि दो दिवस के भीतर सेवा सहकारी समिति सरिया में रासायनिक खाद की आपूर्ति की जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। सरिया क्षेत्र में लंबे समय से रासायनिक खाद की आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं होने के कारण क्षेत्र के किसानों को रासायनिक खाद के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान संघ ने कई बार शासन प्रशासन से लिखित एवं मौखिक गुहार लगाने के बाद भी सेवा सहकारी समिति सरिया में रासायनिक खाद की आपूर्ति नहीं हो रही है। इसको लेकर रविवार को किसान संघ के द्वारा महिमा आश्रम सरिया में एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें सर्वसम्मति से किसानों ने रासायनिक खाद की समस्या को लेकर आवाज बुलंद की और यही से सरकार के खिलाफ नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए गांधी चौकए अटल चौक होते हुए सीधे सरिया थाने पहुंचा और यहां थाना प्रभारी प्रमोद यादव को सारंगढ़ बिलाईगढ़ कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान संघ ने ज्ञापन में लिखा है कि सेवा सहकारी समिति सरिया में रासायनिक खाद की आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं होने के कारण किसानों को रासायनिक खाद के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि दो दिन के भीतर सरिया सेवा सरकारी समिति में रासायनिक खाद की आपूर्ति नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसके संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। सरकार के खिलाफ नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए करीब 100 से ज्यादा किसानों ने सरिया थाना पहुंचे और थानेदार को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में सरिया थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि किसान संघ सरिया ने अभी शाम 7 बजे कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। किसान संघ के ज्ञापन को तत्काल उच्च अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा।

■ कहा दो दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं होने पर किसान करेंगे उग्र आंदोलन

## तमनार में विश्व आदिवासी दिवस पर विशाल जन रैली आमसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार



केलो कोयलांचल आदिवासी बाहुल्य तहसील तमनार में सोमवार को सरपंच संघ तमनार सर्व आदिवासी समाज द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस पर जनपद कार्यालय से बेटी बचाओ चौक होते हुए तहसील कार्यालय बस स्टैंड तक विशाल रैली निकाली गई। जिसमें हजारों आदिवासी समाज के बच्चे, युवा महिला, वरिष्ठगण आदिवासी पारम्परिक वेशभूषा में शामिल हुए। सभी आदिवासी बैगा जनप्रतिनिधियों को धोती, गमछा, श्रीफल व सैकड़ो 10वीं-12 वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विशाल जन रैली में आदिवासी समाज के युवा और युवतियों, महिलाओं ने आदिवासी पारम्परिक वेशभूषा में लोकप्रिय करमा नृत्यको के झांझ मांदर एवं हाथों में बैनर, तख्तियों के साथ एक तीर एक कमान .आदिवासी एक समान नारे लगाए। आमसभा मंगलम भवन में आदिवासियों की देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर अमर शहीदों का जयघोष किया गया।

## मातृत्व अभियान दिवस पर गर्भवती महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य जांच



**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित प्रसव एवं स्वास्थ्य संरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर विशेष जांच अभियान आयोजित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि इस अभियान में सभी विकासखंडों के स्वास्थ्य संस्थानों में जांच एवं परामर्श सेवाएं दी गईं। इस दौरान जिले के शासकीय अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक प्रयोगशाला परीक्षण, अल्ट्रासोनोग्राफी एवं पोषण संबंधी परामर्श दिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में प्रसव पूर्व जटिलताओं की समय पर पहचान कर मातृ मृत्यु दर में कमी लाना है।जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैकरा ने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही सुरक्षित मातृत्व के लिए जागरूक किया जा रहा है। आगामी पीएमएसएम दिवस 24 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा जिसमें पुनः इसी तरह जांच एवं परामर्श कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, एएनएम, मितानिन एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए लाभार्थियों को आवश्यक सेवाएं प्रदान कीं।

### मोटर परिवहन अधिनियम के तहत सभी उपक्रमों का पंजीयन अनिवार्य

**रायगढ़।** मोटर वाहन चालकों की कार्य अवधि आराम, ओवरटाइम और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग ने मोटर परिवहन उपक्रमों के लिए पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। सहायक श्रमायुक्त रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मोटर परिवहन चालकों के काम के घण्टे तथा दुर्घटनाओं के संबंध में रिट पिटीशन सिविल क्रमांक 295 2012 एसराजासिकरन विरूद्ध भारत संघ एवं अन्यद्ध में पारित आदेश 17 अप्रैल 2025 के परिपालन में परिवहन वाहनों का संचालन करने वाले ड्राईवरों के कार्य के घण्टे धारा 13, आराम अंतराल धारा 14,15 रात्रि कार्य प्रतिबंध धारा 16 साप्ताहिक विश्राम धारा 19 व ओवरटाईम धारा 20 आदि नियमों के अनुपालन हेतु मोटर कर्मकार परिवहन अधिनियम 1961 के तहत मोटर परिवहन करने वाले संस्थान उपक्रम जहां 2 या 2 से अधिक कामगार कार्यरत है उन्हें पंजीयन करवाना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु संस्थान उपक्रम प्रमुख द्वारा छग शासन श्रम विभाग, की वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन की कार्यवाही कर सकेंगे। अधिनियम की धारा 3 नियम 4 के तहत पंजीयन नहीं कराने पर नियोजक के विरूद्ध धारा 32 के तहत दण्डनीय कार्यवाही की जाएगी। जिसमें 500 रूपए जुर्माना व 3 माह की सजा व दोनों का प्रावधान है। अधिनियम के तहत नियोजक को अधिनियम के मुख्य प्रावधानों का सारांश जिसमें मुख्यरूप से पंजीयन एवं कर्मकारों की कार्य अवधि एवं कल्याण संबंधी उल्लेखित हो का प्रदर्शन कार्यालय परिसर में किया जाना है साथ ही धारा 3 नियम 13 के तहत वाहन पर पंजीयन क्रमांक भी अंकित करना अनिवार्य है।

## चीफ जस्टिस ने किया डिजिटल कम्प्यूटर रूम व परियोजनाओं का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला रायगढ़ की न्यायिक व्यवस्था में आज एक नया अध्याय जुड़ गया। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने माध्यम से कई महत्वपूर्ण न्यायिक अधोसंरचना परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर रायगढ़ के पोर्टफोलियो न्यायाधीश संजय के अग्रवाल एवं उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने रायगढ़ जिले के तहसील खरसिया में व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय एवं डिजिटल कम्प्यूटर कक्ष का शुभारंभ और तहसील घरघोड़ा में लॉयर्स हॉल एवं डिजिटल कम्प्यूटर कक्ष तथा बिलाईगढ़ भटगांव स्थित सिविल न्यायालय में न्यायिक अधिकारियों के लिए आवासीय भवन का शिलान्यास किया।

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपने उद्बोधन में इन सभी परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास का श्रेय न्यायालय, न्यायिक सेवा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को देते हुए कहा कि यह पहल न्यायिक व्यवस्था को और सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाएगी। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में अधोसंरचना का उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों की क्षमता एवं तत्परता को बढ़ाना है, जिससे पक्षकारों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय मिल सके। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक सेवा के न्यायिक अधिकारीगण, वरिष्ठ न्यायाधीश एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन ने मुख्य अतिथि का स्वागत कियाए वहीं अपर सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र साहू ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अधिवक्तागण, जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रांताध्यक्ष ने आयुर्वेद चिकित्सकों की सुनी समस्या



**बड़े भंडार।** एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास के दौरान डॉ पंडा ने रायगढ़ जिले के आयुर्वेद चिकित्सकों से मिलकर संघ की गतिविधियों के संबंध में चर्चा की, जिसमे नियमित सविदा एवं आयुष मिशन के चिकित्सको से बिंदुवार चर्चा कर समाधान का सार्थक प्रयास किया गया। साथ ही साथ प्रदेश स्तरीय मांगो के लिए अतिशीघ्र उचित कदम उठाने की बात कही। डॉ पंडा बहुत ही सक्रिय एवं प्रभाव शाली प्रांत अध्यक्ष हैं। डॉ पंडा को अपने बीच पाकर रायगढ़ के आयुर्वेद डॉ बहुत ही खुशी जाहिर किए। रायगढ़ के आयुर्वेद डॉ का संबंध डॉ पंडा के साथ बहुत ही आत्मीय है। छग आयुर्वेद अधिकारी संघ जिला शाखा रायगढ़ एक बहुत ही मजबूत एवं संगठित इकाई है। जिसकी चर्चा डॉ पंडा हमेशा करते रहे हैं। उक्त परीचर्चा में जिला आयुष अधिकारी डॉ गौराहा, अध्यक्ष डॉ कुणाल पटेल, महामंत्री डॉ अजय नायक, डॉ संजीव आदि उपस्थित रहे।

## तमनार में श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर सुन्दरकाण्ड पाठ



**तमनार।** श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर गोंटिया परिवार तमनार के भूतपूर्ण सरपंच सुश्री गंगा पटनायक द्वारा उनके स्वर्गीय माता-पिता हरिप्रिया, कार्तिकेश्वर पटनायक के 15वीं पुण्य तिथि पर सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। यह पाठ हनुमत मानस मण्डली गायत्री परिवार तमनार द्वारा किया गया। मृतात्माओं की आत्मशान्ति के दीपक जलाकर बारह बार गायची मंत्र एवं पांच बार महामृत्युञ्जय जाप से आहुति प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अश्विनी परनायक, जीवन पटनायक, सुभाष पटनायक, अशोक पटनायक, मुकेश पटनायक, सुश्री गीता पट्नायक, मंजू पटनायक, जयन्ती पटनायक, पकाला ठाकुर एवं उनके परिवार अन्य सदस्यगणो की सहभागिता रही।

### जिपं सीईओ ने आधार ऑपरेटरों की ली बैठक

# आधार अपडेशन के लिए ग्रापं में लगेगा कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुलभ रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सभी सेक्टरों के चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में आधार अपडेशन शिविर आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले के 54 आधार ऑपरेटरों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ ने प्रत्येक ऑपरेटर को शिविर में आवश्यक संसाधनों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने और प्रतिदिन कम से कम 50 आधार अपडेशन कार्य पूर्ण करने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद सीईओ को भी आधार अपडेट अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने और ऑपरेटरों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पंचायत सचिवों एवं स्थानीय अमलों का सहयोग उपलब्ध कराने को कहा। गौरतलब है कि वर्तमान में महतारी वंदन योजना सहित कई योजनाओं में लाभ वितरण के लिए आधार अपडेशन अनिवार्य है। साथ ही आंगनबाड़ी के बच्चों का आधार अपडेट एवं फेस कैप्चर कार्य भी किया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों को मिल सके। जिला पंचायत सीईओ श्री यादव ने संबंधित अधिकारियों को ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार करने, छूटे हुए सभी हितग्राहियों को शिविर में लाने और निर्धारित 15 दिवस के भीतर ठोस प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधार अपडेशन कार्य में लापरवाही या प्रगति न दिखने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

